Bareilly, Sunday
10 September 2023
BAREILLY EDITION

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 5: MIDDLE

बताया गोल्डन ऑवर का महत्व

BAREILLY (9 Sept): एक सप्ताह से संचालित स्पोर्ट्स और कल्चरल मीट जील– 2023 का शनिवार को डीजे नाइट के साथ रंगारंग समापन हुआ. एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति ने वर्ष 2023 बैच के मेडिकल विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें गोल्डन ऑवर का महत्व बताया. उन्होंने कहा कि जिस तरह हार्ट अटैक और स्ट्रोक में गोल्डन आवर की महत्वपूर्ण भूमिका है. यह मरीज को बचाने में अहम भूमिका निभाता है. वैसे ही नए बच्चों के लिए कालेज में पहला महीना गोल्डन होता है. आप सब लोग भी इसका फायदा उठाइए. इस गोल्डन समय का सदुपयोग करिए और सीनियर सहित सभी के साथ रहें.